www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide



# प्रबन्धन / MANAGEMENT

## प्रश्न-पत्र I / Paper I

| | | |
|---|---|---|
| निर्धारित समय : **तीन** घंटे<br>*Time Allowed : **Three** Hours* | Civil Services (Main)<br>Examination, 2026 | अधिकतम अंक : **250**<br>*Maximum Marks : **250*** |

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हुए हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द-सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए।

यदि आवश्यक हो, तो उपयुक्त आँकड़ों का चयन कीजिए तथा उनको निर्दिष्ट कीजिए।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

## Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Assume suitable data, if considered necessary, and indicate the same clearly.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer (QCA) Booklet must be clearly struck off.*

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** **निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**
**Answer the following questions in about 150 words each :** ***10×5=50***

(a) क्या आपको लगता है कि प्रबंधकों (managers) की पारंपरिक भूमिकाएँ आज के डिजिटल (digital) और दूरस्थ (remote) कार्य वातावरण में अभी भी प्रासंगिक हैं ? उदाहरणों सहित आलोचनात्मक टिप्पणी कीजिए।

Do you think that the traditional roles of managers are still relevant in today's digital and remote work environment ? Critically comment with examples. *10*

(b) मानव संसाधन प्रबंधन के परिप्रेक्ष्य से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के सफल कार्यान्वयन के लिए किस प्रकार की संगठनात्मक तत्परता मानव संसाधन (HR) कार्यों में आवश्यक है ? कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के कार्यान्वयन से उत्पन्न होने वाली संभावित नैतिक चुनौतियों की पहचान कीजिए। संगठन प्रक्रिया की दक्षता और नैतिक पहलुओं के बीच संतुलन कैसे स्थापित कर सकते हैं ?

What kind of organisational readiness, from the human resource management perspective, is required for a successful implementation of Artificial Intelligence (AI) in Human Resource (HR) functions ? Identify the possible ethical challenges that Artificial Intelligence (AI) implementation may bring. How can organisations balance process efficiency along with ethical considerations ? *10*

(c) आपके विचार से संगठनों में सांस्कृतिक विविधता क्यों महत्त्वपूर्ण है ? एक वैश्विक परामर्शदात्री प्रतिष्ठान सांस्कृतिक विविधता का प्रभावी प्रबंधन करने के लिए कौन-सी रणनीतियाँ अपना सकता है ? समझाइए।

Why do you think cultural diversity is important in organisations ? What strategies can be adopted by a global consulting firm to manage cultural diversity effectively ? Explain. *10*

(d) एक संगठन उभरती वैश्विक (global) चुनौतियों का सामना करने के लिए एक नई पहल को लागू करने की प्रक्रिया में है, लेकिन कर्मचारी इस परिवर्तन का विरोध कर रहे हैं। ऐसी कुछ उपयुक्त रणनीतियों का सुझाव दीजिए जिन्हें इस परिवर्तन को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए प्रबंधन को अपनाना चाहिए।

An organisation is in the process of implementing a new initiative which is required to meet the emerging global challenges, but the employees are resisting the change. Suggest some suitable strategies that management should adopt to implement the change successfully. *10*

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

(e) "नैतिक प्रबंधन दीर्घकालिक संगठनात्मक सफलता के लिए अनिवार्य है।" इस कथन का उदाहरणों सहित आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

"Ethical management is essential for long-term organisational success." Critically evaluate the statement with examples. *10*

**Q2.** (a) आभ्यंतरिक (कोर) प्रबंधन प्रक्रियाएँ मूल्य श्रृंखला (वैल्यू चेन) के प्रत्येक चरण को कैसे प्रभावित करती हैं ? उनके बीच की असंगति संगठन की समग्र प्रभावशीलता को कैसे कम कर सकती है ? अपने उत्तर को उपयुक्त उदाहरणों द्वारा समझाइए।

How do core management processes influence each stage of the value chain ? How can misalignment between them reduce overall organizational effectiveness ? Illustrate your answer by giving suitable examples. *20*

(b) एक अंतर्राष्ट्रीय नियत कार्य (international assignment) में प्रभावी प्रदर्शन के लिए एक प्रवासी प्रबंधक (expatriate manager) को किन प्रासंगिक दक्षताओं की आवश्यकता होती है ? यदि एक से अधिक उम्मीदवार तकनीकी रूप से प्रवासी कार्यभार के लिए सक्षम हों, तो सही उम्मीदवार का चयन करने के लिए आप किन व्यावहारिक मानदंडों (behavioural parameters) पर विचार करेंगे ? विवेचना कीजिए।

What are the relevant competencies required for effective performance by an expatriate manager in an international assignment ? If there is more than one candidate who is technically competent, what behavioural parameters would you consider to identify the right candidate for an expatriate assignment ? Discuss. *15*

(c) भर्ती (Recruitment) और चयन (Selection) प्रक्रियाओं पर स्वचालन (Automation) और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence) के प्रमुख प्रभाव क्या-क्या हैं ? "भर्ती और चयन प्रक्रियाओं में स्वचालन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के कई लाभ हैं, साथ ही कुछ जटिलताएँ भी हैं।" विवेचना कीजिए।

What are the key impacts of automation and Artificial Intelligence (AI) on recruitment and selection processes ? "Along with several advantages of automation and Artificial Intelligence (AI) in recruitment and selection processes, there are some complexities as well." Discuss. *15*

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

**Q3.** (a) विश्लेषण कीजिए कि एक बहुराष्ट्रीय निगम (Multinational Corporation) अपने वैश्विक प्रबंधन ढाँचों (global management structures) को इस प्रकार कैसे अभिकल्पित (design) कर सकता है जिससे विकसित (developed) और उभरते (emerging) दोनों बाज़ारों में निरंतर नवाचार (continuous innovation) को समर्थन मिल सके।

Analyze how a Multinational Corporation can design its global management structures to support continuous innovation in both developed and emerging markets. *15*

(b) (i) आपके अनुसार नवाचार-आधारित (innovation-driven) संगठन में कौन-सी नेतृत्व शैलियाँ (leadership styles) अधिक प्रभावी होती हैं ?

(ii) "नेता अकसर विभिन्न नेतृत्व शैलियों के बीच परिवर्तित होते रहते हैं।" क्या आप इससे सहमत हैं ? विवेचना कीजिए।

(i) What leadership styles, according to you, are more effective in an innovation-driven organisation ?

(ii) "Leaders often switch between different leadership styles." Do you agree ? Discuss. *15*

(c) संगठनात्मक संस्कृति (Organisational Culture) और प्रदर्शन प्रबंधन प्रणाली (Performance Management System) के सफल कार्यान्वयन के बीच क्या संबंध है ? उपयुक्त उदाहरणों सहित विवेचना कीजिए।

What is the relationship between Organisational Culture and the successful implementation of a Performance Management System ? Discuss with suitable examples. *20*

**Q4.** (a) क्या आधुनिक प्रबंधन दृष्टिकोण वास्तव में एक सच्चा विकास (evolution) दर्शाते हैं या केवल शास्त्रीय सिद्धांतों (classical theories) का संशोधित रूप हैं ? अपने उत्तर को उदाहरणों सहित सिद्ध कीजिए।

Do modern management approaches represent a true evolution or just a modification of classical theories ? Justify your answer with examples. *15*

(b) भारत में बढ़ते सेवा क्षेत्र, विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी (IT) क्षेत्र ने श्रमिक संघों (trade unions) को कैसे प्रभावित किया है ? वर्तमान में श्रमिक संघों के सामने आने वाली चुनौतियों के आलोक में विवेचना कीजिए।

How has the growing service sector, especially the Information Technology (IT) sector, impacted trade unions in India ? Discuss in the light of the challenges that trade unions are facing today. *20*

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

(c) सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र (IT sector) की एक कंपनी पारंपरिक संरचना से हटकर एक आभासी (virtual) संगठन बनने की प्रक्रिया में है। नए संगठनात्मक ढाँचे में कौन-से अभिकल्प (design) परिवर्तन आवश्यक हैं और क्यों ? अपने उत्तर का उदाहरणों सहित समर्थन कीजिए।

A company in the Information Technology (IT) sector is moving from a traditional structure to become a virtual organisation. What design changes are required in the new organisational structure and why ? Support your answer with examples. *15*

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**

**Answer the following questions in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) विश्लेषण कीजिए कि ऐतिहासिक लागत (historical cost) और उचित मूल्य (fair value) विधियों को अपनाने का वित्तीय सूचना की विश्वसनीयता और प्रासंगिकता पर क्या प्रभाव पड़ता है, विशेषकर बाज़ार में उतार-चढ़ाव और आर्थिक अनिश्चितता के समय में।

Analyse the impact of adopting historical cost and fair value methods on the reliability and relevance of financial information, especially during periods of market fluctuations and economic uncertainty. *10*

(b) निगमीय संकट के कारणों, परिणामों एवं प्रबंधन का परीक्षण कीजिए। संगठनात्मक पुनरुत्थान एवं धारणीयता हेतु पुनर्संरचनात्मक रणनीतियों का मूल्यांकन कीजिए।

Examine the causes, consequences and management of corporate distress. Evaluate restructuring strategies for organisational recovery and sustainability. *10*

(c) प्रबंध लेखाकरण में प्रबंधकीय निर्णयन को सुदृढ़ करने, निष्पादन मूल्यांकन को सुधारने तथा रणनीतिक नियंत्रण बढ़ाने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) एवं आँकड़े विश्लेषण (डेटा एनलिटिक्स) की भूमिका की विवेचना कीजिए।

Discuss the role of Artificial Intelligence and Data Analytics in strengthening managerial decision-making, improving performance evaluation and enhancing strategic control in management accounting. *10*

(d) एक स्थानीय बेकरी ब्रांड (bakery brand) प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान करती है, फिर भी उसका ग्राहक प्रतिधारण (customer retention) कम है। कम ग्राहक प्रतिधारण के संभावित कारण क्या हो सकते हैं ? ग्राहक प्रतिधारण में सुधार करने के लिए उपयुक्त समाधानों का सुझाव दीजिए।

A local bakery brand offers high-quality products at competitive prices, yet experiences low customer retention. What could be the possible reasons for low customer retention ? Suggest suitable solutions to improve customer retention. *10*

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

(e) खुदरा क्षेत्र (Retail sector) में कार्यरत किसी कंपनी का उपयोग करते हुए ग्राहक संबंध विपणन (CRM) और समग्र विपणन (होलिस्टिक मार्केटिंग) के बीच अंतर और समानताओं का विश्लेषण कीजिए। उदाहरणों के माध्यम से समझाइए कि ग्राहक संबंध विपणन (CRM) रणनीतियाँ किस प्रकार समग्र विपणन दृष्टिकोण के साथ मिलकर ग्राहक के अनुभव को बेहतर बनाती हैं और व्यवसाय की दीर्घकालिक (long-term) सफलता में योगदान देती हैं।

Using a company operating in the Retail sector, analyze the differences and similarities between Customer Relationship Marketing (CRM) and Holistic Marketing. Through examples, explain how CRM strategies work together with a Holistic Marketing approach to enhance the customer experience and contribute to the long-term success of business. *10*

**Q6.** (a) एक कंपनी निम्नलिखित परिस्थितियों में कार्य करती है :

| | | |
|---|---|---|
| विक्रय मूल्य (Selling Price) | = | ₹ 60 |
| परिवर्तनशील लागत (Variable Cost) | = | ₹ 50 |
| स्थिर लागत (Fixed Cost) | = | ₹ 1,00,000 |
| क्षमता (Capacity) | = | 20,000 इकाइयाँ (units) |
| अपेक्षित बिक्री (Expected Sales) | = | 8,000 इकाइयाँ (units) |
| बंद करने की लागत (Shut-down Cost) | = | ₹ 20,000 |

कंपनी की वित्तीय (financial) और परिचालन (operational) स्थिति के आधार पर सावधानीपूर्वक मूल्यांकन कीजिए कि उसे अपने संचालन (operations) जारी रखने चाहिए या बंद कर देने चाहिए। अपने निर्णय के लिए उपयुक्त तथ्यपरक सुझाव दीजिए।

A company operates under the following conditions :

| | | |
|---|---|---|
| Selling Price | = | ₹ 60 |
| Variable Cost | = | ₹ 50 |
| Fixed Cost | = | ₹ 1,00,000 |
| Capacity | = | 20,000 units |
| Expected Sales | = | 8,000 units |
| Shut-down Cost | = | ₹ 20,000 |

Assess whether the company should continue its operations or shut down, based on a careful evaluation of its financial and operational position. Suggest suitable justification for your decision. *15*

www.prepp.in
Prepp Your Personal Exams Guide

(b) पूँजी बाज़ारों (capital markets) को नियंत्रित करने वाले नियामक ढाँचे (regulatory framework) की विवेचना कीजिए एवं पारदर्शिता को बढ़ावा देने, निवेशकों (investors) को सुरक्षा देने तथा बाज़ार की दक्षता (market efficiency) में सुधार करने में इसकी भूमिका का मूल्यांकन कीजिए।

Discuss the regulatory framework governing capital markets and evaluate its role in promoting transparency, protecting investors and improving market efficiency. *15*

(c) एक स्पोर्ट्स शू कंपनी (sports shoe company) अपने प्रतिस्पर्धियों (competitors) के कारण अपना बाज़ार हिस्सा (market share) खो रही है। इसके संभावित कारणों का विश्लेषण कीजिए तथा बाज़ार में अपनी स्थिति पुन:प्राप्त करने के लिए उपयुक्त रणनीतियों का सुझाव दीजिए।

A sports shoe company is losing its market share to its competitors. Analyze possible reasons and suggest suitable strategies to regain its position in the market. *20*

**Q7.** (a) एक कंपनी घटते लाभ, बढ़ती लागतें, अतिरिक्त स्टॉक (excess inventory) और नकदी प्रवाह (cash flow) की समस्याओं का सामना कर रही है। समझाइए कि कैसे लागत निर्धारण (costing), बजट निर्माण (budgeting) और नियंत्रण (control) तकनीकों का उपयोग करके इन समस्याओं की पहचान की जा सकती है और प्रभावी समाधान विकसित किए जा सकते हैं।

A company is facing declining profits, rising costs, excess inventory and cash flow problems. Explain how costing, budgeting and control techniques can be used to identify these issues and develop effective solutions. *15*

(b) एक विनिर्माणी उद्यम (enterprise) अपने उत्पादन संयंत्रों (production facilities) के आधुनिकीकरण के लिए एक दीर्घकालिक निवेश प्रस्ताव का मूल्यांकन कर रहा है। इस परियोजना में स्थिर परिसंपत्तियों (fixed assets) पर काफी पूँजीगत व्यय (capital outlay) शामिल है, साथ ही परिचालन गतिविधियों को बनाए रखने के लिए कार्यशील पूँजी (working capital) में अतिरिक्त निवेश भी शामिल है जो पूरी परियोजना की अवधि के दौरान होगा। प्रबंधन सभी प्रासंगिक रोकड़ प्रवाह (relevant cash flows), जिसमें अंतिम वसूली (terminal recoveries) भी शामिल है, को ध्यान में रखते हुए शुद्ध वर्तमान मूल्य (Net Present Value (NPV)) विधि का उपयोग करके इस प्रस्ताव का मूल्यांकन करना चाहता है।

परियोजना के विवरण इस प्रकार हैं :

| | | |
|---|---|---|
| स्थिर परिसंपत्तियों (fixed assets) में प्रारंभिक निवेश | : | ₹ 8,00,000 |
| अतिरिक्त कार्यशील पूँजी (working capital) की आवश्यकता (जो परियोजना के अंत में पूर्णत: वसूल हो जाएगी) | : | ₹ 1,00,000 |
| परियोजना की अवधि | : | 4 वर्ष |
| 4 वर्ष के अंत में परिसंपत्तियों का अवशिष्ट मूल्य (scrap value) | : | ₹ 50,000 |
| वार्षिक रोकड़ अंतर्वाह (annual cash inflows) | : | ₹ 3,00,000 |
| पूँजी की लागत (cost of capital) | : | 10% |

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

निम्नलिखित का उत्तर दीजिए :

(i) प्रारंभिक निवेश (initial investment), कार्यशील पूँजी प्रतिबद्धता (working capital commitment), वार्षिक रोकड़ अंतर्वाह और अंतिम रोकड़ वसूली (terminal cash recoveries) को उचित रूप से ध्यान में रखते हुए परियोजना के शुद्ध वर्तमान मूल्य (NPV) की गणना कीजिए।

(ii) गणना किए गए शुद्ध वर्तमान मूल्य (Net Present Value) के आधार पर, परियोजना की वित्तीय व्यवहार्यता (financial feasibility) का मूल्यांकन कीजिए और अपनी अनुशंसाओं (recommendations) का औचित्य (justification) समझाइए।

(iii) पूँजी बजटिंग (budgeting) निर्णयों में कार्यशील पूँजी आवश्यकताओं (working capital requirements) और अंतिम रोकड़ अंतर्वाह (terminal cash inflows) को शामिल करने के महत्त्व की विवेचना कीजिए तथा समझाइए कि इनके शामिल न किए जाने से परियोजना मूल्यांकन के परिणामों पर किस प्रकार का प्रभाव पड़ सकता है।

A manufacturing enterprise is evaluating a long-term investment proposal aimed at modernizing its production facilities. The project entails a substantial capital outlay on fixed assets, along with an additional investment in working capital to sustain operational activities throughout the project period. The management intends to assess the proposal using the Net Present Value (NPV) method, taking into account all relevant cash flows, including terminal recoveries.

The project details are as follows :

| | | |
|---|---|---|
| Initial investment in fixed assets | : | ₹ 8,00,000 |
| Additional working capital requirement (fully recoverable at the end of the project) | : | ₹ 1,00,000 |
| Project life | : | 4 years |
| Scrap value of assets at the end of Year 4 | : | ₹ 50,000 |
| Annual cash inflows | : | ₹ 3,00,000 |
| Cost of Capital | : | 10% |

Answer the following :

(i) Calculate the Net Present Value (NPV) of the project by appropriately considering the initial investment, working capital commitment, annual cash inflows and terminal cash recoveries. *10*

(ii) Based on the computed NPV, evaluate the financial feasibility of the project and justify your recommendation. *4*

(iii) Discuss the significance of incorporating working capital requirements and terminal cash inflows in capital budgeting decisions and explain how their omission may affect project appraisal outcomes. *6*

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

(c) विपणन योजना (Marketing Plan) के घटक क्या-क्या हैं ? सामाजिक क्षेत्र (social sector) में कार्यरत एक कंपनी वयस्क शिक्षार्थियों (adult learners) के लिए एक डिजिटल उत्पाद लॉन्च (launch) कर रही है। समझाइए कि विपणन योजना का प्रत्येक घटक इस उत्पाद के सफल लॉन्च में कैसे सहायता करेगा।

What are the components of a Marketing Plan ? A company working in the social sector is launching a digital product for adult learners. Explain how each component of a marketing plan will help in a successful launch. *15*

**Q8.** (a) एक विनिर्माणी संस्था मई 2026 के दौरान अपने उत्पाद को प्रक्रिया-I (Process-I) के माध्यम से संसाधित करती है। कंपनी भारित औसत विधि (weighted average method) के अंतर्गत प्रक्रिया लागत-निर्धारण (process costing) के सिद्धांतों को लागू करके उत्पादन दक्षता और लागत आवंटन का मूल्यांकन करना चाहती है।

इस अवधि के लिए निम्नलिखित संचालन (operational) और लागत (cost) संबंधी आँकड़े उपलब्ध हैं :

| | | |
|---|---|---|
| प्रक्रिया-I में डाली गई इकाइयाँ | : | 10,000 इकाइयाँ |
| वहन की गई लागत (Cost incurred) : | | |
| कच्चा माल (Raw Materials) | : | ₹ 1,00,000 |
| प्रत्यक्ष श्रम (Direct Labour) | : | ₹ 60,000 |
| उत्पादन उपरिव्यय (Production Overheads) | : | ₹ 40,000 |
| सामान्य हानि (Normal Loss) | : | इनपुट (input) का 10% |
| सामान्य हानि का अवशिष्ट मूल्य (Scrap value of normal loss) | : | ₹ 5 प्रति इकाई |
| अगली प्रक्रिया में स्थानांतरित इकाइयाँ (Units transferred to the next process) | : | 8,800 इकाइयाँ |
| समापन कार्य-प्रगति-पर (Closing work-in-progress) | : | 900 इकाइयाँ |

समापन कार्य-प्रगति-पर की पूर्णता की डिग्री :

| | | |
|---|---|---|
| सामग्री (Materials) | : | 100% |
| श्रम (Labour) | : | 60% |
| उपरिव्यय (Overheads) | : | 60% |

मान लीजिए कि सभी सामग्री प्रक्रिया के प्रारंभ में ही डाली गई है।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

आपको निम्नलिखित करना है :

(i) भारित औसत विधि का उपयोग करते हुए सामग्री (materials), श्रम (labour) और उपरिव्यय के लिए समतुल्य इकाई (equivalent unit) की प्रति इकाई लागत की गणना कीजिए।

(ii) मई 2026 के लिए प्रक्रिया-I (Process-I) खाता (account) तैयार कीजिए, जिसमें लागतों का आवंटन स्पष्ट रूप से दिखाया गया हो।

(iii) (a) सामान्य हानि (Normal loss), (b) असामान्य हानि (Abnormal loss) या असामान्य लाभ (Abnormal gain) और (c) समापन कार्य-प्रगति-पर (closing work-in-progress) का मूल्यांकन निर्धारित कीजिए।

A manufacturing concern processes its product through Process-I during May 2026. The company seeks to evaluate production efficiency and cost allocation by applying process costing principles under the weighted average method.

The following operational and cost data are available for the period :

| | | |
|---|---|---|
| Units introduced into Process-I | : | 10,000 units |
| Cost incurred : | | |
| Raw Materials | : | ₹ 1,00,000 |
| Direct Labour | : | ₹ 60,000 |
| Production Overheads | : | ₹ 40,000 |
| Normal Loss | : | 10% of input |
| Scrap value of normal loss | : | ₹ 5 per unit |
| Units transferred to the next process | : | 8,800 units |
| Closing work-in-progress | : | 900 units |

Degree of completion of Closing work-in-progress :

| | | |
|---|---|---|
| Materials | : | 100% |
| Labour | : | 60% |
| Overheads | : | 60% |

Assume that all materials are introduced at the beginning of the process.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

You are required to do the following :

(i) Compute the cost per equivalent unit for materials, labour and overheads using the weighted average method. 6

(ii) Prepare the Process-I Account for May 2026, clearly showing the allocation of costs. 6

(iii) Determine the valuation of (a) Normal loss, (b) Abnormal loss or Abnormal gain and (c) Closing work-in-progress. 3

(b) वैश्वीकरण की शक्तियाँ (forces of globalization), तकनीकी नवाचार (technological innovation) और विकसित हो रहे नियामक परिदृश्य (regulatory landscape) के विशेष संदर्भ में वित्तीय क्षेत्र में सुधारों से उत्पन्न हो रही चुनौतियों और अवसरों की आलोचनात्मक विवेचना कीजिए।

Critically discuss the challenges and opportunities emerging from the financial sector reforms, with particular reference to the forces of globalization, technological innovation and the evolving regulatory landscape. 20

(c) (i) डिजिटल (digital) और अत्यधिक गतिशील (dynamic) बाज़ार परिवेश में विभक्तिकरण (Segmentation), लक्ष्य निर्धारण (Targeting) और स्थिति निर्धारण (Positioning) (STP) रणनीतियों को लागू करने की चुनौतियों और सीमाओं का मूल्यांकन कीजिए।

Evaluate the challenges and limitations of applying Segmentation, Targeting and Positioning (STP) strategies in a digital and highly dynamic market environment. 7

(ii) एकीकृत विपणन सम्प्रेषण (IMC) में "एक संदेश, एक आवाज़" (One message, One voice) की अवधारणा को समझाइए । एकीकृत विपणन सम्प्रेषण (Integrated Marketing Communication) में असंगतियाँ (inconsistencies) ब्रांड (brand) की धारणा (perception) को कैसे प्रभावित करती हैं ? सभी वाहिकाओं (चैनलों) (channels) में एकीकृत संदेश सुनिश्चित करने के लिए एक कंपनी को उपयुक्त उपायों का सुझाव दीजिए।

Explain the concept of "One message, One voice" in Integrated Marketing Communication (IMC). How can inconsistencies in Integrated Marketing Communication impact brand perception ? Suggest suitable measures a company should take to ensure a unified (integrated) message across all channels. 8